कार्यालय प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश (केन्द्रीय) : दिल्ली

परिपत्र

आप सभी को सूचित किया जाता है कि माननीया जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दिल्ली की पूर्वानुमति से, प्रशासन अनुभाग, जिला न्यायालय तीस हजारी दिल्ली के बाद, कार्यालय प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश (केन्द्रीय) की स्थापना के अन्तर्गत नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सुविधा हेतु उनसे संबंधित समस्त प्रशासनिक कामकाज राजभाषा हिंदी में शुरू कर दिया गया है। इस कार्यालय से संबंधित कर्मचारियों को हिंदी टंकण व राजभाषा हिंदी में कामकाज करने का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। अतः इस स्थापना के अन्तर्गत नियुक्त समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को यह निर्देश दिया जाता है कि वे भविष्य में कार्यालय से पत्र व्यवहार करते वक्त राजभाषा हिंदी का प्रयोग करें और उनके पत्रों के जवाब भी राजभाषा हिंदी में ही दिए जाएंगे।

संजीव 22.12.11

(संजीव कुमार सिंह)
प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश (केन्द्रीय)
जिला न्यायालय तीस हजारी दिल्ली।

संख्या 57421-951 /प्रशा.दी.न्या. /2011

दिल्ली, दिनांक 22/12/11

सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु उपरोक्त परिपत्र की प्रति निम्नलिखित को प्रेषित की जाती है:–

1. समस्त माननीय जिला न्यायाधीश एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, तीस हजारी, पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, रोहिणी, द्वारका व साकेत न्यायालय परिसर, दिल्ली।
2. श्री चन्द्रशेखर, विशेष सचिव, कानून, न्याय एवं विधि कार्य विभाग, दिल्ली सरकार/अध्यक्ष, केन्द्रीय हिंदी कार्यान्वयन समिति, श्री वीरेन्द्र गोयल, अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रोहिणी न्यायालय परिसर/वरिष्ठ सदस्य केन्द्रीय हिंदी कार्यान्वयन समिति, श्री राजकुमार चौहान, अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तीस हजारी न्यायालय परिसर/ वरिष्ठ सदस्य केन्द्रीय हिंदी कार्यान्वयन समिति व श्री संजीव जैन, अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पटियाला हाउस न्यायालय परिसर/ वरिष्ठ सदस्य केन्द्रीय हिंदी कार्यान्वयन समिति, जिला न्यायालय दिल्ली।
3. समस्त प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश, तीस हजारी, पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, रोहिणी, द्वारका व साकेत न्यायालय परिसर, दिल्ली।
4. समस्त अधीक्षक/अनुभाग प्रमुख, कार्यालय प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश, तीस हजारी, पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, रोहिणी, द्वारका व साकेत न्यायालय परिसर, दिल्ली।
5. समस्त न्यायिक अधिकारी, तीस हजारी, पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, रोहिणी, द्वारका व साकेत न्यायालय परिसर, दिल्ली।
6. समस्त प्रशासनिक अधिकारी, अधीक्षक व अनुभाग प्रमुख, तीस हजारी, पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, रोहिणी, द्वारका व साकेत न्यायालय परिसर, दिल्ली
7. हिंदी अधिकारी, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सचिवालय, दिल्ली सरकार।
8. वेबसाइट समिति अंग्रेजी/हिंदी।

नोट : उपरोक्त समस्त माननीय न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधीक्षकों व अनुभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने अधीन सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को इस परिपत्र के बारे में सूचित करें।

द.प्र. निदारिया 22/12/11

(दया प्रकाश निदारिया)
अधीक्षक
कार्यालय प्रशासनिक दीवानी न्यायाधीश (केन्द्रीय)
जिला न्यायालय तीस हजारी दिल्ली।